समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 10 September 2026

# Google Photos का बड़ा अपडेट : Android यूज़र्स भारत मे पाएँ AI-आधारित एडिटिंग फीचर्स

Publisher

Published on 28 Jan 2026



टेक दिग्गज **Google** ने अपने लोकप्रिय फोटो मैनेजमेंट ऐप **Google Photos** में भारत के Android यूज़र्स के लिए **नई AI-संचालित फोटो एडिटिंग फीचर्स** रोलआउट करना शुरू कर दिया है। यह अपडेट उपयोगकर्ताओं को अब **टेक्स्ट या वॉइस कमांड से सीधे फोटो मे बंदलाव करने की सुविधा** देता है, जिससे पारंपरिक एडिटिंग टूल्स की जटिलता खत्म होती है।

सबसे प्रमुख फीचर ‘**Conversational Editing**’ है, जिसमें आप फोटो में सुधार करने के लिए सरल हिंदी या अंग्रेज़ी में निर्देश टाइप या बोल सकते हैं — जैसे “पृष्ठभूमि को धुंधला करो”, “चमक बढ़ाओ”, या “ग्लैर कम करो” — और ऐप उन बदलावों को तत्काल लागू कर देगा।

इसके अलावा, ‘**Personalised Edits**’ यूज़र को ग्रुप फोटो में व्यक्तियों के चेहरे या बारीक विवरण जैसे “धूप के चश्मे हटाओ”, “आँखें खोलो” या “मुस्कान बढ़ाओ” जैसे बदलाव आसानी से करने देता है। यह सुविधा आपके **प्राइवेट फेस ग्रुप्स** का उपयोग कर अधिक सटीक परिणाम देती है।

Google ने अपने AI इंजन **Nano Banana** को भी Photos एडिटर में जोड़ा है, जो उपयोगकर्ताओं को **क्रिएटिव और AI-जनरेटेड बदलाव** करने में मदद करेगा, जैसे विशिष्ट शैली में तस्वीर को बदलना या नई रचनाएँ बनाना।

ये नई AI एडिटिंग टूल्स उन डिवाइसों पर उपलब्ध हैं जिनमें **Android 8.0 या उससे ऊपर का सिस्टम और कम से कम 4GB RAM** है। Google ने **हिंदी, तमिल, मराठी, तेलुगु, बंगाली और गुजराती** सहित कई भारतीय भाषाओं के समर्थन के साथ इसे और अधिक सुलभ बनाया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की **आसान और प्रभावी AI-आधारित एडिटिंग सुविधाएँ** आम यूज़र्स के लिए पेशेवर-स्तर की फोटो एडिटिंग को भी सरल बना देती हैं, जिससे Adobe Photoshop जैसे पारंपरिक एडिटिंग प्लेटफ़ॉर्म की ज़रूरत कम हो

सकती है।

इस बड़े अपडेट के साथ, Google Photos न केवल फोटो संग्रहीत करने का ऐप बना रहे रहा है, बल्कि अब यह उपयोगकर्ता की कल्पना को **AI-सहायता से जीवन मे बंदलने वाला उपकरण** भी बनता जा रहा है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.